संख्या—3113 / सत्तर—1—2010—20(12) / 2006

प्रेषक,

विमल किशोर गुप्ता,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रेसिडेन्ट,
आई0एफ0टी0एम0 सोसायटी,
लोधीपुर राजपूत, दिल्ली रोड,
मुरादाबाद।

उच्च शिक्षा अनुभाग—1 लखनऊ : दिनांक : 11 जनवरी, 2011

विषयः— आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश का संचालन प्रारम्भ किये जाने हेतु प्राधिकार—पत्र निर्गत किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 02—11—2010 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2010 की धारा—4 में वर्णित शर्तों को पूर्ण किये जाने की सूचना देते हुए आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश का संचालन प्रारम्भ करने हेतु प्राधिकार—पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2— इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2010 की धारा—5 में निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश का संचालन शैक्षणिक सत्र 2010—11 से प्रारम्भ करने हेतु एतद्द्वारा प्राधिकार—पत्र निर्गत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

भवदीय,

(विमल किशोर गुप्ता)
विशेष सचिव।

pradhikar patra